**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 85 /08/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)2023/07-परीक्षा/2023**

लखनऊः दिनांक- 17 अक्टूबर, 2023

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2023, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (Preliminary Eligibility Test-P.E.T.)-2023 की लिखित परीक्षा दिनांक 28 व 29 अक्टूबर, 2023 को, प्रत्येक दिवस 02 पालियों (प्रातः 10.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे तक व अपराह्न 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक) में, प्रदेश के 35 जनपदों यथा- आगरा, अलीगढ, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बाँदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बिजनौर, बुलंदशहर, देवरिया, गौतमबुद्ध नगर, गाज़ियाबाद, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुज़फ्फर नगर, प्रयागराज, रायबरेली, सहारनपुर, शाहजहांपुर, सीतापुर, सुल्तानपुर, उन्नाव एवं वाराणसी में आयोजित की जाएगी।

उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 की लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र सम्बन्धित अभ्यर्थियों को उनके प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 के ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित रजिस्टर्ड ई-मेल पर प्रेषित किये जा रहे हैं।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा दिनांक 19-10-2023 से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

17/10/2023

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।